## संपादकीय

# हर मोर्चे पर जरूरी चीन की घेराबंदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन जुलाई को लद्दाख का दौरा कर चीन द्वारा देश की सुरक्षा को पैदा की गई गंभीर चुनौती से वीरता से निपटने के लिए भारतीय सेना और अर्धसैनिक बलों का धन्यवाद किया है। उनकी यह यात्रा जनता में व्याप्त गुस्से और प्रतिकर्म की मांग के आलोक में हुई क्योंकि चीन ने गलवान घाटी और पैंगोंग त्सो झील के कुछ हिस्से को कब्जा लिया है। जल और थल में अपने इलाके का विस्तार करने की महत्वाकांक्षा पाले चीन के विश्वासघात का परोक्ष संदर्भ देते हुए मोदी ने कहा - 'जब भी किसी के सिर पर विस्तारवादी जीत हासिल करने का जुनून सवार हो जाता है तो यह प्रवृत्ति विश्व शांति के लिए खतरा बन जाती है।'

वर्ष 1979 में वियतनाम पर की गई चीन की विफल चढ़ाई के अलावा उसे सिक्किम (1975), अरुणाचल प्रदेश के सुमदोरोंग क्षेत्र में (1986) और फिर डोकलाम (2017) में कुटिल घुसपैठ की कोशिश में मुंह की खानी पड़ी है। इन प्रसंगों ने दिखा दिया कि चीन की सेना अजेय नहीं है। अब ताजा गलवान घाटी घटनाक्रम में उसे कितना जानी नुकसान हुआ है, यह बताने से वह कतरा रहा है। जहां भारत ने बताया है कि इस द्वंद्व में हमारे 20 जवान शहीद हुए हैं, वहीं भरोसे योग्य पश्चिमी पत्रकारों ने रहस्योद्घाटन किया है कि गलवान में हुई आमने-सामने की मुठभेड़ में कम-से-कम 43 चीनी सैनिक मारे गए हैं। उम्मीद की जाए कि चीन को अब यह बात समझ में आ गई होगी, और याद भी रहेगी कि किस तरह झड़प में भारतीय सेना के संख्या में काफी कम किंतु जांबाज बिहारी और सिख जवानों ने मजबूत, निर्णायक और प्रभावशाली ढंग से अपना करारा जवाब उस स्थिति में भी दिया है, जब उनके निहत्थे साथियों पर चीनी फौजियों ने धोखे से हमला कर दिया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सीमा-विस्तारवाद से इनसानियत को सबसे बड़ा खतरा है तो उनका अपरोक्ष इशारा चीन द्वारा अपने लगभग सभी पड़ोसी मुल्कों के साथ असंगत सीमा संबंधी दावे करने पर था। वह जापान, ताइवान, वियतनाम, मलेशिया, इंडोनेशिया, फिलीपींस और यहां तक कि रूस के व्लादिवोस्टक बंदरगाह जो कि 1860 से ही रूस का हिस्सा रहा है, पर भी अपना दावा जता रहा है। पश्चिमी प्रशांत महासागरीय क्षेत्र में अपनी थलीय और जलीय सीमाओं को विस्तार देने के चीनी कृत्यों को अब पड़ोसी देशों के मुखर विरोध का सामना करना पड़ रहा है। सीमा विवाद पर जो कोई भी मुल्क उसकी बात नहीं मानता, मसलन वियतनाम, ब्रुनेई, फिलीपींस और इंडोनेशिया, उनका मनोबल तोड़ने के लिए वह उन्हें अपनी नौसैन्य शक्ति का भोंडा प्रदर्शन कर डराना चाहता है। दरअसल, चीन के ऐसे व्यवहार का मुख्य उद्देश्य दक्षिण चीन सागर की भू-गर्भीय संपदा है, जहां अनुमान के अनुसार वह 11 अरब बैरल तेल और 190 ट्रिलियन क्यूबिक फीट प्राकृतिक गैस पर एकाधिकार जमाना चाहता है। चीन ने अपनी निरंतर ताकतवर होती नौसेना का इस्तेमाल कर पड़ोसी देशों की समुद्री सीमा का काफी बड़ा हिस्सा हड़प लिया है, प्रभावितों में आसियान संगठन के सदस्य देश वियतनाम, फिलीपींस और इंडोनेशिया के नाम उल्लेखनीय हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की लद्दाख यात्रा के तीन दिन बाद भारतीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ सीमा संबंधी विषयों पर विस्तार से वार्ता की है। भारतीय प्रवक्ता ने वक्तव्य दिया है कि डोभाल और वांग यी ने न सिर्फ गलवान घाटी इलाके की वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव घटाने की प्रक्रिया पूरी करने पर सहमति दी है बल्कि बाकी की पूरी भारत-चीन सीमा पर भविष्य में तनातनी पैदा न हो, इस पर भी राजी हुए हैं। इस समझौते से लद्दाख में बने मौजूदा तल्ख गतिरोध घटाने में कमी हो पाएगी। क्या पता इससे चीन द्वारा वास्तविक नियंत्रण रेखा की बार-बार उल्लंघना का अंत भी हो जाए, जिसके पीछे वह कोई कारण या ठोस प्रमाण नहीं देता है। हालांकि, पैगोंग त्सो इलाके से चीनी सैनिकों के पूरी तरह पीछे हट जाने के लिए आगे भी समझौता वार्ताएं जारी रखनी पड़ेंगी। भारत अपने इन यत्नों को चीनी घुसपैठ पर केंद्रित सक्रिय अंतर्राष्ट्रीय राजनयिक अभियानों के जरिए पुष्ट कर सकता है।

# बैंकों में बदले मिनिमम बैलेंस, लेनदेन के नियम

### एक अगस्त से होंगे लागू



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कई बड़े बैंकों ने अपनी नकदी संतुलन और डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ाने के लिए मिनिमम बैलेंस और लेनदेन के नियम बदल दिए हैं। अगस्त महीने की पहली तारीख से ये सभी नियम लागू हो जाएंगे। इन बैंकों में 1 अगस्त से न्यूनतम बैलेंस पर चार्ज लगाने की घोषणा भी की गई है। साथ ही इन बैंकों में तीन मुफ्त लेनदेन के बाद शुल्क भी वसूला जाएगा। बैंक ऑफ महाराष्ट्र, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और आरबीएल बैंक में यह चार्ज एक अगस्त से प्रभावी हो जाएंगे।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र में बचत खाता धारकों को मेट्रो और शहरी क्षेत्रों में अपने अकाउंट में न्यूनतम राशि 2,000 रुपए रखनी होगी जो पहले 1,500 रुपए था। 2,000 रुपए से कम बैलेंस होने पर बैंक मेट्रो और शहरी क्षेत्रों में 75 रुपए, अर्ध-शहरी क्षेत्र में 50 रुपये और ग्रामीण क्षेत्र में 20 रुपए प्रति माह की दर से शुल्क लेगा। बैंक ऑफ महाब के एमडी और सीईओ, एएस राजीव ने कहा कि बैंक इस समय कोरोना संक्रमण के कारण डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने और बैंक में कम से कम लोगों के आने के लिए यह सब कर रहा है। बैंक सर्विस चार्ज में भी कुछ बदलाव किए हैं। बैंक ऑफ महाराष्ट्र की सभी ब्रांच में एक महीने में तीन मुफ्त लेनदेन के बाद जमा और निकासी पर 100 रुपए तक का शुल्क लगेगा।

साथ लॉकर के लिए जमा की राशि को कम कर दिया गया है लेकिन लॉकर पर पेनाल्टी को बढ़ा दिया गया है। एक्सिस बैंक खाताधारकों को अब ईसीएस ट्रांजेक्शन पर 25 रुपए हर ट्रांजेक्शन पर देना होगा। ईसीएस ट्रांजेक्शन पर पहले कोई शुल्क नहीं लगता था।

# भारतीय दवा उद्योग में पूरी दुनिया के लिए वैक्सीन बनाने की क्षमता: बिल

**नयी दिल्ली (आरएनएस)।** माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने कहा कि भारतीय दवा उद्योग देश के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए कोविड-19 की वैक्सीन बनाने में सक्षम है। बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-प्रमुख और न्यासी ने कहा कि भारत में कई बेहद महत्वपूर्ण चीजें हुई हैं और इसका दवा उद्योग कोरोना वायरस की वैक्सीन बनाने के लिए काम कर रहा है। 'कोविड-19: वायरस के खिलाफ भारत की लड़ाई' नामक वृत्तचित्र में उन्होंने कहा कि भारत को अपनी विशाल आबादी और शहरी केंद्रों के कारण स्वास्थ्य संकट की एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इस वृत्तचित्र को डिस्कवरी प्लस चैनल पर गुरुवार शाम प्रसारित किया जाएगा। भारत के दवा उद्योग की क्षमताओं के बारे में उन्होंने कहा, "भारत में बहुत अधिक क्षमता है। यहां की दवा और वैक्सीन कंपनियां पूरी दुनिया के लिए विशाल आपूर्तिकर्ता हैं। आप जानते हैं, भारत में सबसे अधिक टीके बनाए जाते हैं।" उन्होंने कहा कि यहां बायो ई, भारत बायोटेक, कई अन्य हैं, जो कोरोना वायरस वैक्सीन बनाने में मदद के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "मैं उत्साहित हूं कि वहां का दवा उद्योग न केवल भारत के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए (वैक्सीन का) उत्पादन कर सकेगा। हमें मौत के आंकड़ों को कम करने, और यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि इस बीमारी को खत्म करने की प्रतिरक्षा हमारे अंदर है।

# लंबे अंतराल के बाद मैदान में उतरने से उत्साहित हूं: प्रिटोरियस



**संचुरियन।** दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर ड्वेन प्रिटोरियस ने आगामी थ्रीटीसी मैच के मद्देनजर कहा कि कोरोना वायरस के कारण लंबे अंतराल के बाद मैदान में उतरने से वह काफी उत्साहित हैं। दक्षिण अफ्रीका में कोरोना के प्रकोप के कारण क्रिकेट गतिविधियां ठप्प पड़ी हुई हैं और खिलाड़ी काफी समय से मैदान से बाहर चल रहे हैं। इस बीच सेंचुरियन के सुपर स्पोर्ट पार्क में 18 जुलाई को थ्रीटीसी मैच का आयोजन किया जाएगा जिसे सोलिडेरिटी कप भी कहा जाता है। प्रिटोरियस ने कहा, मैं मैदान पर वापस लौटने को लेकर काफी उत्साहित हूं। इतने दिनों के अंतराल के बाद सभी मैदान में वापस लौटने के लिए बेहद उत्साहित हैं। यह काफी सुखद है क्योंकि इसके बाद हमें नहीं पता कि हम कब दोबारा मैदान पर उतरेंगे लेकिन फिलहाल के लिए हम इस अवसर को भुनाना चाहते हैं।

## सैमसंग ने मैजिकपिन में किया 52 करोड़ रुपये निवेश

**नयी दिल्ली।** ई-वाणिज्य क्षेत्र की स्टार्टअप कंपनी मैजिकपिन ने बुधवार को कहा कि उसने सैमसंग वेंचर इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन से 52 करोड़ रुपये का निवेश जुटाया है। मैजिकपिन ने कहा कि इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से व्यापार विस्तार और नये उत्पादों के विकास पर किया जाएगा। गुड़गांव स्थित कंपनी ने अपने मंच से जुड़ने वाले खुदरा विक्रेताओं की बिक्री पर शून्य कमीशन वसूल करने की भी घोषणा की। उद्योगों पर बढ़ेगा इसका असर।

# सरकार ने पावर ट्रिलर, इसके कलपुर्जों के आयात पर अंकुश लगाया



**नयी दिल्ली (आरएनएस)।** सरकार ने पावर ट्रिलर और उसके कलपुर्जों के आयात पर अंकुश लगाया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा है, "पावर ट्रिलर और उसके कलपुर्जों की आयात नीति को संशोधित कर मुक्त से प्रतिबंधित कर दिया गया है।" किसी उत्पाद को 'प्रतिबंधित' श्रेणी में रखने का अर्थ है कि आयातक को उनका आयात करने के लिए डीजीएफटी से लाइसेंस लेना होगा। ट्रेलर एक कृषि मशीन है, जिसका इस्तेमाल खेती के लिए जमीन तैयार करने के लिए किया जाता है। पावर ट्रेलर के कलपुर्जों में इंजन, ट्रांसमिशन, चेचिस और रोटावेयर शामिल हैं। महानिदेशालय ने एक सार्वजनिक सूचना में कहा कि आयात लाइसेंस देने के लिए प्रक्रिया तैयार की गई है। इसमें कहा गया है कि एक वर्ष में किसी भी फर्म/ सभी फर्मों को जारी प्राधिकरण का संचयी मूल्य उस कंपनी द्वारा पिछले वर्ष (2019-20) के दौरान आयात किए गए पावर ट्रिलर के मूल्य का 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा। इसी तरह पावर ट्रिलर के कलपुर्जों के लिए भी 10 प्रतिशत की सीमा तय की गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि आवेदक को कम से कम तीन साल से इस कारोबार में होना चाहिए और उसने पिछले तीन वर्षों में कम से कम 100 पावर ट्रिलर बेचे हों।

# रोहित भी धोनी जैसी कप्तानी करते हैं: माइकल



**नईदिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज माइकल हसी ने एमएस धोनी और रोहित शर्मा की कप्तानी को काफी करीब से देखा है। हसी आईपीएल में इन दोनों कप्तानों के अंडर खेल चुके हैं। वह मानते हैं कि ये दोनों ही दिग्गज खिलाड़ी एक जैसी कप्तानी करती हैं। माइक हसी हाल ही में एक चेतन नरुला के पोडकास्ट प्रोग्राम हॉटस्पॉट में बात कर रहे थे। यहां उन्होंने चार कप्तानों के साथ खेलने का अपना अनुभव साझा किया। हसी 2004 से 2013 तक ऑस्ट्रेलिया के लिए खेले हैं और इस दौरान वह 2008 से 2015 तक आईपीएल में भी खेले हैं। वह ऑस्ट्रेलियाई टीम में रिकी पॉन्टिंग और माइकल क्लार्क की कप्तानी में खेले, जबकि आईपीएल में वह एमएस धोनी और रोहित शर्मा की कप्तानी में भी खेल चुके हैं। हसी ने कहा कि यूं तो इन चारों ही कप्तानों का व्यवहार बिल्कुल अलग है। रिकी पॉन्टिंग इन सभी में सबसे ज्यादा प्रतिस्पर्धी कप्तान थे। वह अपनी टीम का आगे आगर नेतृत्व करते थे और खिलाड़ियों को 100 फीसदी समर्थन देते थे। वह बस जीतना चाहते थे और पूरी टीम को अपने साथ इस ओर खींचते थे।

# 'मैट्रिक्स 4 में काम करेंगी प्रियंका चोपड़ा!



बॉलिवुड से ऐक्टिंग करियर शुरू कर हॉलिवुड पहुंच चुकीं प्रियंका चोपड़ा अब कियानू रीव्स की फेमस मैट्रिक्स सीरीज की चौथी फिल्म मैट्रिक्स 4 में नजर आएंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक फइल्म में कैरी-ऐन मोस, यह्या अब्दुल मतीन-2 और नील प्रैट्रिक हैरिस भी लीड रोल में नजर आएंगे। हाल में बर्लिन में इस फिल्म की शूटिंग दोबारा शुरू हुई है जो कोरोना वायरस के कारण मार्च में रोक दी गई थी।

इससे पहले फिल्म का प्रॉडक्शन सैन फ्रैन्सिसको में चल रहा था जो लॉकडाउन से पहले ही पूरा कर लिया गया था। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में ऐक्शन सीन करने के लिए कलाकारों को कई हफ्तों की ट्रेनिंग दी गई है। इससे पहले मैट्रिक्स 4 के बारे में कियानू रीव्स ने बताया था कि फिल्म की बेहतरीन कहानी के कारण उन्होंने अपना फेमस नियो का किरदार एक बार फिर निभाने का फैसला किया था। इस सीरीज की पहली फिल्म साल 1999 में आई थी और काफी सफल रही थी।

# दिलकश अदाओं से दीवाना बनाया कैटरीना कैफ ने



बॉलीवुड में कैटरीना कैफ एक ऐसी अभिनेत्री के तौर पर शुमार की जाती है जिन्होंने अपनी दिलकश अदाओं से करीब दो दशक से सिने प्रेमियों को अपना दीवाना बनाया हुआ है।

16 जुलाई 1983 को हांगकांग में जन्मीं कैटरीना कैफ मूल नाम कैटरीना टॉरकेटी ने 14 वर्ष की उम्र में मॉडलिंग से अपने करियर की शुरूआत की। कैटरीना मॉडलिंग करने के उद्देश्य से मुंबई आयी थी लेकिन इस दौरान उनकी मुलाकात कैजाद गुस्ताद से हुयी।कैजाद गुस्ताद उन दिनों फिल्म 'बूम' बना रहे थे। कैजाद ने कैटरीना को फिल्म में काम करने का प्रस्ताव दिया जिसे कैटरीना ने स्वीकार कर लिया।

वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म 'बूम' आपराधिक पृष्ठभूमि पर आधारित थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और जैकी श्राफ ने मुख्य भूमिका निभायी थी। कमजोर पटकथा के कारण फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई धूम नहीं मचा सकी। वर्ष 2005 में कैटरीना कैफ को एक बार फिर से अमिताभ के साथ फिल्म 'सरकार' में काम करने का अवसर मिला लेकिन फिल्म की सफलता के बावजूद उन्हें कोई खास फायदा नहीं मिला।

वर्ष 2005 में प्रदर्शित फिल्म 'मैने प्यार क्यूं किया' कैटरीना कैफ के सिने करियर की पहली सुपरहिट फिल्म साबित हुयी। बताया जाता है कि यह फिल्म कैटरीना को सलमान खान की वजह से मिली थी। फिल्म की सफलता के बाद कैटरीना को फिल्म इंडस्ट्री में अच्छी फिल्मों के प्रस्ताव मिलने शुरू हो गये।

कैटरीना के सिने करियर में उनकी जोड़ी खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार के साथ काफी पसंद की जाती है। अक्षय और कैटरीना की जोड़ी सर्वप्रथम वर्ष 2006 में प्रदर्शित फिल्म 'हमको दीवाना कर गये' में एक साथ नजर आयी। फिल्म हालांकि टिकट खिड़की पर कामयाब नहीं हुयी लेकिन दोनों की जोड़ी को पसंद किया गया।फिल्म 'हमको दीवाना कर गये' के बाद अक्षय और कैटरीना की जोड़ी वर्ष 2007 में प्रदर्शित फिल्म 'नमस्ते लंदन' में नजर आयी।

## आज का राशिफल

**मेष:** मेष राशि के जातकों के सभी कामकाज आसानी से बन जाएंगे एक कंफर्टेबल स्थिति में रहेंगे। लोगों का भी सहयोग मिलेगा।

**वृषभ:**वृष राशि के जातकों के कामकाज के लिए बहुत ही अच्छा दिन है। अपना प्रभाव बनाने के लिए कामकाज में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**मिथुन:**मिथुन राशि के जातकों को आज एक साथ एक से अधिक काम करने पड़ सकते हैं और उनको मैनेज करना आपके लिए एक चैलेंज रहेगा।

**कर्क:**कर्क राशि के जातकों के लिए एक अच्छा समय है। सभी सुख-सुविधाओं की प्राप्ति होगी और जो भी काम करेंगे वह आसानी से पूरे हो जाएंगे और मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह:**सिंह राशि के जातकों का कामकाज के लिए अच्छा दिन है। अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करके लोगों का मान-सम्मान पाने में कामयाब रहेंगे।

**कन्या:** कन्या राशि के जातकों को पार्टनर का सहयोग नहीं मिलेगा। जिसकी वजह से काम में मन नहीं लगेगा। कामकाज में भी कुछ परेशानी आएगी।

**तुला:**तुला राशि के जातकों के लिए बहुत ही अच्छा समय है। कम्युनिकेशन और पब्लिकेशन से जुड़े हुए लोगों को बहुत फायदा होने का योग बन रहा है।

**वृश्चिक:**वृश्चिक राशि के जातक कोई भी काम जल्दबाजी में ना करें। मन को शांत करें और फिर ही कोई निर्णय लें।

**धनु:**धनु राशि के जातकों के कामकाज के लिए बहुत ही अच्छा दिन है। आत्मविश्वास के साथ जो भी काम करेंगे उसमें सफलता मिलेगी।

**मकर:**मकर राशि के जातकों के कामकाज के लिए अच्छा दिन है। सभी काम आसानी से पूरे होंगे जिसकी वजह से मन प्रसन्न रहेगा।

**कुंभ:**कुंभ राशि के जातकों के विचारों में स्पष्टता नहीं रहेगी। जिसकी वजह से भ्रम की स्थिति बनेगी।

**मीन:**मीन राशि के जातकों के मन में नकारात्मक विचारों की अधिकता रहेगी। जिसकी वजह से दबाव महसूस करेंगे। परंतु जैसे ही अपनी सोच को पॉजिटिव करेंगे आपके सभी काम आसानी से पूरे होने लगेंगे। आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा समय है।

# कपड़ों को जल्दी सुखाने के 4 आसान तरीके, वॉशिंग मशीन ड्रायर की भी नहीं पड़ेगी जरूरत

आपको इंटरव्यू के लिए जाना हो, लेकिन फॉर्मल शर्ट गंदी पड़ी हो, तो आपके पास उसे धोने के अलावा कोई चारा नहीं है, क्योंकि गंदी शर्ट पहला इम्प्रेशन भी गंदा ही देगी। अब आप कहेंगे कि शर्ट धुल तो 5 मिनट से भी कम समय में जाएगी, लेकिन अब उसे जल्दी सुखाएं कैसे? बात तो सही है, जब जल्दी हो, तो कपड़ों को धोने से ज्यादा उन्हें सुखाने का टेंशन होता है। पास में वॉशिंग मशीन न हो, तो यह काम और भी चैलेंजिंग बन जाता है। ऐसे में हम आपके लिए लाए हैं, कुछ काम के ट्रिक्स, जो बिना ड्रायर के ही आपको कपड़े जल्दी सुखाने में मदद करेंगे।

**तौलिया-** कपड़े को धोने के बाद उसे एक बड़े टॉवल में लपेटें और फिर ट्विस्ट करते हुए उसे निचोड़ें। एक टॉवल गीला हो जाए, तो यही प्रॉसेस दूसरे तौलिये से दोहराएं। तौलिये के कारण आपको बेहतर ग्रिप बनाने में मदद मिलेगी, तो वहीं उसके रेशे कपड़े में से पानी सोखने का काम करेंगे। इसके बाद फैन को फुल स्पीड पर कर, कपड़े को हैंगर पर टांग दें।

**हेयर ड्रायर-**फैन की हवा सीधे कपड़े पर नहीं लगती है, इसलिए पंखे के साथ ही हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करें। इस पर वॉर्म मोड को सिलेक्ट करें, जिससे पानी को भांप बनने और कपड़े को जल्दी सूखने में मदद मिलेगी।


**कूलर-** हेयर ड्रायर न भी हो, तो कूलर आपके काम आ सकता है। कूलर की हवा को भी कपड़े पर डायरेक्ट किया जा सकता है। इस वजह से निचोड़े गए कपड़े को जल्दी सूखने में मदद मिलती है।

**प्रेस-** कपड़े को निचोड़ने के बाद उसे सुखाने के लिए प्रेस का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। हालांकि, यह ध्यान रखें कि पहले टेंपरेचर को लो पर रखें, ताकि कपड़े को नुकसान न पहुंचे और उस पर इस्तरी का निशान न बन जाए। इसके बाद जरूर कपड़े के फैब्रिक के अनुसार प्रेस के टेंपरेचर को सेट करें और क्रीज बनाते हुए उसे सुखाएं।

## शब्द सामर्थ्य- 84

**बाएं से दाएं**
1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**
1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 83 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | ■ | ■ | प | यो | द | ■ |
| न | ■ | ह | क | दा | र | ■ | ल | य |
| ह | वा | ला | त | ■ | च | ■ | द | म |
| गा | ■ | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग | ■ | स | ■ | अ |
| ■ | मा | ■ | प | त | वा | र | ■ | ल |
| ख | न | क | ना | ■ | ह | त | ■ | बे |
| स | दा | ■ | ह | ■ | वा | ■ | शो | ला |
| रा | र | ■ | ■ | ■ | ही | र | क | ■ |

## सू-दोकू- 84

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.83 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |